प्रेस विज्ञप्ति

जनपद मुरादाबाद

दिनांक- 02.11.2022

1-चोरी की मोटरसाइकिल के पार्ट्स सहित 01 गिरफ्तार, थाना सिविल लाइन्स-

अवगत कराना है कि दिनांक 30-10-2022 को वादी मौ0 वसीम पुत्र श्री मौ0 निजाम अशरफ निवासी दौलतबंग बेकरी वाली गली थाना नागफनी ,मुरादाबाद ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी की मोटरसाइकिल नं0 UP 32 EQ-9510 को चोरी करने के संबंध में थाना सिविल लाइन्स पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन्स पर मु0अ0सं0-924/2022 धारा 379 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 01-11-2022 को उ0नि0 श्री सुमित कुमार थाना सिविल लाइन्स द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त फरमान पुत्र जाकिर निवासी मोहल्ला रहमत नगर थाना बिलारी, मुरादाबाद को मुकदमे सें संबंधित मोटरसाईकिल के पार्ट्स व 1200/- रुपये सहित गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर उक्त मुकदमे में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी।

2.चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मैनाठेरः-

अवगत कराना है दिनांक 01.11.2022 को वादी मो0 इस्माईल पुत्र श्री दुल्हे नवी निवासी मिलक नबाव थाना मैनाठेर,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के स्कूल से दस्तावेज,रूपये इत्यादि चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मैनाठेर पर मु0अ0सं0-321/2022 धारा-457/380 भा0द0वि0 पंजीकृत किया गया। विवेचनात्म कार्यवाही में आज दिनांक 02.11.2022 को उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना मैनाठेर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त रिंकू सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह नि0 नौशना शेखूपुर थाना मैनाठेर,मुरादाबाद को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किये अल्टीनेटर का घेरा (जनरेटर),02 फीस कार्ड,04 पुराने रिजल्ट तैयार शुदा व 02 डायरी बरामद की गयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-411 भादवि की वृद्धि की गयी।

3.तेजी व लापरवाही से वाहन चलाकर साईकिल सवार को टक्कर मारकर मृत्यु कारित करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना सोनकपुरः-

अवगत कराना है दिनांक 01.11.2022 को वादी श्री अवदेश पुत्र रामसुरेश निवासी ग्राम मिलक सोनकपुर थाना सोनकपुर,मुरादाबाद ने ट्रक चालक द्वारा वादी के पिता को तेजी व लापरवाही से ट्रक चलाकर टक्कर मार देने,जिससे वादी के पिता की मौके पर मृत्यु हो जाने के संबंध में थाना सोनकपुर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0-77 / 2022 धारा-279/427/304ए भादवि पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही में आज दिनांक 02.11.2022 को उ0नि0 श्री राकेश कुमार थाना सोनकपुर द्वारा मय हमराही पुलिस के अभियुक्त मोसिम पुत्र छोटे निवासी ग्राम सिरसखेड़ा थाना मूंढापाण्डे,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

4.नाबालिग के साथ गाली-गलौज,जान से मारने की धमकी देने व छेडछाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना मुगलपुराः-

अवगत कराना है आज दिनांक 02.11.2022 को वादी निवासी थाना मुगलपुरा क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्त द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री का पीछा कर,गाली-गलौज करने,जाने से मारने की धमकी देकर छेड़छाड़ करने के संबंध में थाना मुगलपुरा पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना मुगलपुरा पर मु0अ0सं0-153/22 धारा-354/354घ/504/506 भादवि व 7/ 8 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में आज दिनांक 02.11.2022 को म0उ0नि0 राजवेन्द्र कौर थाना मुगलपुरा द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त हर्ष रस्तौगी पुत्र रानू उर्फ शैलेन्द्र रस्तौगी निवासी कुए वाली गली लालबाग थाना मुगलपुरा,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।

5.एक राय होकर गाली-गलौज करने,जान से मारने की नियत से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना कटघरः-

अवगत कराना है दिनांक 18.10.2022 को वादी यामीन पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी मिलक धोबी वाली देवापुर थाना कटघर,मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा एक राय होकर गाली-गलौज करते हुये जान से मारने की नियत से हमला करने व जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे थाना कटघर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-649/2022 धारा-147/148/149/452/323/307/504/506 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में आज दिनांक 02.11.2022 को उ0नि0 श्री संजय कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के अभियुक्त सलमान पुत्र गामा निवासी देवापुर थाना कटघर,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।